विषय-हिंदी

कक्षा- छठी

अधिन्यास-पत्र

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-

भारत देश के विभिन्न राज्यों की अपनी-अपनी भाषाएँ हैं, परंतु समस्त देश की राष्ट्रभाषा हिंदी है । इसे यहाँ की अधिकांश जनता समझती है । देश के विभिन्न प्रांतों की संस्कृति भी भिन्न-भिन्न है । इन सबको मिलाकर समस्त देश की एक सामाजिक संस्कृति भी है, जिसे हम 'भारतीय संस्कृति' कह सकते हैं । प्रत्येक प्रांत की विविध सामाजिक परंपराएँ, लोकनृत्य एवं लोकगीत हैं । इनमें पूर्वोत्तर प्रदेशों के बाँस-नृत्य, ब्रज की रासलीला, केरल का कथकली, पंजाब का भांगड़ा और गिद्दा, गुजरात का गरबा तथा असम का बिहू उल्लेखनीय हैं । भारत में अनेक धर्मों के अनुयायी निवास करते हैं । हिंदू, मुसलमान, सिख, ईसाई, पारसी आदि धर्मों के लोग प्रेमपूर्वक साथ-साथ रहते हैं । भारतीय संविधान के अनुसार सभी धर्मावलंबियों को अपनी उपासना पद्धति के अनुसार पूजा उपासना करने की पूर्ण स्वतंत्रता है । भारतीय 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना में विश्वास करते हैं । भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीनतम संस्कृति है, जिसके कारण हम विश्व को सर्वप्रथम ज्ञान दे पाए तथा जगद्गुरु कहलाए ।

(i) भारत की अधिकांश जनता कौन-सी भाषा समझती है?

(क)अंग्रेजी (ख)हिंदी (ग)मराठी (घ)उर्दू

(ii) भारतीय संस्कृति कैसी है ?

(क)नवीनतम (ख)प्राचीनतम (ग)मध्यकालीन (घ) मिश्रित

(iii) कथकली कहाँ का नृत्य है ?

(क)केरल (ख)तमिलनाडु (ग)असम (घ)ब्रज

(iv) 'स्वतंत्रता' शब्द का व्याकरणिक परिचय क्या है ?

(क)जातिवाचक संज्ञा (ख)सर्वनाम (ग)व्यकितवाचक संज्ञा (घ)विशेषण

(v) प्रस्तुत गद्यांश का उपयुकत शीर्षक क्या हो सकता है _

LIVEWORKSHEETS

(क)एकता (ख)अनेकता (ग)अभिन्नता (घ)एकता में अनेकता

2. निम्नलिखित शब्दों के भाववाचक संज्ञा शब्द बनाइए।

शब्द	भाववाचक संज्ञा	शब्द	भाववाचक संज्ञा	शब्द	भाववाचक संज्ञा
पढ़ना	----------	देव	----------	मित्र	----------
पराया	----------	स्वस्थ	----------	हरा	----------
अच्छा	----------	चोर	----------	भूखा	----------
हारना	----------	पुरुष	----------	दौड़ना	----------
आलसी	----------	अहं	----------	लड़का	----------
सजाना	----------	सफ़ेद	----------	गुरु	----------

3. निम्नलिखित शब्दों को संज्ञा के भेद के अनुसार अलग कीजिए-

राम, पुस्तक, दिल्ली, शहर, गृह, सजावट, कायरता, कृष्ण, आगरा, महिला, विवेकानंद, मनुष्य, हँसी, आलस्य

व्यक्तिवाचक संज्ञा	जातिवाचक संज्ञा	भाववाचक संज्ञा
----------	----------	----------
----------	----------	----------
----------	----------	----------
----------	----------	----------

4. रेखांकित शब्दों के लिंग बदल कर वाक्य दोबारा लिखें :-

(क) छात्र खिलौने लाएँ हैं । ----------

(ख) वह बहुत गुणवान है । ----------

(ग) युवती ने गाना गाया । ----------

LIVEWORKSHEETS

(घ) उनके देवर विदेश में हैं । ----------

(ङ) वह अभिनेता बनना चाहता है । ----------

(च) सम्राट ने सभा बुलाई । ----------

(छ) वीर जंगल में अकेले चला । ----------

(ज) वह तपस्वी चला गया है । ----------

(झ) पाठक ने पुस्तक मँगाई । ----------

5. दिए गए शब्दों के वचन बदलें-

छात्र ----------	युवा ----------	शिक्षक ----------	कवि ----------
लेखक ----------	मज़दूर ----------	अध्यापक ----------	प्रजा ----------
किसान ----------	पक्षी ----------	विद्यार्थी ----------	वृद्ध ----------
मेज़ ----------	कुर्सी ----------	दवाई ----------	नेता ----------

6. दिए गए चित्र का वर्णन कीजिए । (लगभग 60 शब्दों में)



LIVEWORKSHEETS